प्रेषक,

शिक्षा निदेशक(उच्च शिक्षा)उ0प्र0,
शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग
प्रयागराज।

सेवा में,

1—कुलसचिव,
समस्त राज्य / निजी विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

2—समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
उत्तर प्रदेश।

3—प्राचार्य / प्राचार्या
राजकीय / अशासकीय सहायता प्राप्त / स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक डिग्री विकास/137537-145536/2023—24 दिनांक 11·01·2024

विषय :— दिनांक 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द जयन्ती को 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में मनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या : 74 / सत्तर—1—2024 दिनांक 11 जनवरी 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो दिनांक 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द जयन्ती को 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में मनाये जाने के सम्बन्ध में है।

उक्त के सम्बन्ध में निर्देशित किया जाता है कि शासन के पत्र दिनांक 11 जनवरी 2024 में दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय

11.01.24

डॉ0 ( कृष्ण चन्द्र वर्मा )
संयुक्त निदेशक(उ0शि0)
कृते—शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा)
उ0प्र0, प्रयागराज

पृष्ठांकन संख्या डिग्री विकास/137537-145537/2023—24 उसी तिथि को।

प्रतिलिपिः—तकनीकी सहायक, उच्च शिक्षा निदेशालय उ0 प्र0 प्रयागराज को इस आशय से प्रेषित कि वेबसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

11.01.24

डॉ0 ( कृष्ण चन्द्र वर्मा )
संयुक्त निदेशक(उ0शि0)
कृते—शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा)
उ0प्र0, प्रयागराज

DHE 18-19

संख्या:-74 /सत्तर-1-2024-

प्रेषक,

**एस0पी0 मिश्र,**
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

**सेवा में,**

**कुलसचिव,**
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उ0प्र0 ।

उच्च शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनाँक: 11 जनवरी, 2024

**विषय:- दिनांक 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द जयन्ती को 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में मनाये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक युवा कल्याण विभाग- के पत्र सं0-I/469253/2024/पचास/यु0क0-2024 दिनांक 11.01.2024 (छायाप्रति संलग्न) के संदर्भ में अवगत कराना है कि स्वामी विवेकानन्द जी की जयन्ती प्रत्येक वर्ष दिनांक 12 जनवरी को पूरे भारत वर्ष में हर्ष और उल्लास के साथ "राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को युवा दिवस के रूप में मनाये जाने का उद्देश्य स्वामी विवेकानन्द के विचारों और आदर्शों के महत्व को बढ़ावा देना है। देश का भविष्य युवाओं पर निर्भर करता है। इसलिए किसी भी देश के विकास में उस देश के युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान होता है। ऐसे में यह अत्यधिक आवश्यक है कि युवाओं को सही मार्गदर्शन मिले। इसी उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक 12 जनवरी को युवाओं को महान विचारक एवं युग प्रवर्तक तथा युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानन्द जी के विचारों एवं आदर्शों के महत्व से अवगत कराने हेतु निम्नवत् कार्यक्रम विश्वविद्यालय/ सम्बद्ध महाविद्यालयों में कराने का कष्ट करें:-

(1) प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालय/कॉलेजों मे स्वामी विवेकानन्द जी के विचारों एवं आदर्शों से युवाओं को प्रेरित करने हेतु व्याख्यान माला का आयोजन कराया जाए।

सं0 नि0 II
11.01.24

(2) उत्तर प्रदेश स्टार्टअप निति के अन्तर्गत स्टार्टअप इन्क्यूबेटर्स को प्रोत्साहन राशि का वितरण कराया जाए।

(3) स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत स्मार्टफोन/टैबलेट के वितरण का कार्यक्रम आयोजित कराया जाए।

(4) राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के युवाओं को सशक्त बनाये जाने हेतु जो भी कार्यक्रम चलाये जा रहे है, उन कार्यक्रमों से युवाओं को अवगत कराया जाए।

(5) मेरा युवा भारत (MY BHARAT) पहल के तहत स्वयं सेवक गतिविधियों का संचालन कराया जाए ।

3- मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 12 जनवरी को "राष्ट्रीय युवा दिवस" के अवसर पर डॉ0 ए0पी0 जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0 लखनऊ में युवाओं को पूर्वान्ह 11:00 बजे सम्बोधित किया जाएगा। अतः उक्त कार्यक्रम को प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालय/ सम्बद्ध महाविद्यालयों में सजीव प्रसारण कराये जाने की व्यवस्था

सुनिश्चित करते हुए उपरोक्त समस्त कार्यक्रमों के आयोजन तथा प्रचार-प्रसार हेतु निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए तद्नुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

**संलग्नक: यथोक्त।**

भवदीय

(एस0पी0 मिश्र)

उप सचिव

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।

2- निजी सचिव, प्रमुख सचिव/विशेष, उ0प्र0 शासन।

3- निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क, उ0प्र0, लखनऊ।

4- निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज को इस आशय के साथ प्रेषित कि निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्पर्क/समन्वय स्थापित करते हुए कार्यक्रम के सजीव प्रसारण हेतु लिंक प्राप्त कर समस्त संबंधितों को उपलब्ध कराते हुए यथावश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करायें।

5- अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपर्युक्त कार्यक्रम को निजी विश्वविद्यालयों में कराये जाने हेतु उन्हें निर्देशित करने का कष्ट करें।

6- समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।

7- कुलसचिव, डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ।

8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(एस0पी0 मिश्र)

उप सचिव

25.2024

~~संख्या- प्रपत्र-युक्त-2024~~

प्रेषक,

आलोक कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन

संख्या 74 /युक-1-2024

सेवा में,

1. प्रमुख सचिव,
   उच्च शिक्षा विभाग
   उत्तर प्रदेश शासन।

2. प्रमुख सचिव,
   प्राविधिक शिक्षा विभाग
   उत्तर प्रदेश शासन।

3. प्रमुख सचिव,
   आई0टी0 एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग
   उत्तर प्रदेश शासन।

4. प्रमुख सचिव,
   अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग
   उत्तर प्रदेश शासन।

युवा कल्याण अनुभाग:                                                    लखनऊ: दिनांक  जनवरी, 2024

**विषय: दिनांक 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द जयन्ती को "राष्ट्रीय युवा दिवस" के रूप में मनाये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

स्वामी विवेकानन्द जी की जयन्ती प्रत्येक वर्ष दिनांक 12 जनवरी को पूरे भारत वर्ष में हर्ष और उल्लास के साथ **"राष्ट्रीय युवा दिवस"** के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को युवा दिवस के रूप में मनाये जाने का उद्देश्य स्वामी विवेकानन्द के विचारों और आदर्शों के महत्व को बढ़ावा देना है। देश का भविष्य युवाओं पर निर्भर करता है। इसलिए किसी भी देश के विकास में उस देश के युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान होता है। ऐसे में यह अत्यधिक आवश्यक है कि युवाओं को सही मार्गदर्शन मिले। इसी उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक 12 जनवरी को युवाओं को महान विचारक एवं युग प्रवर्तक तथा युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानन्द जी के विचारों एवं आदर्शों के महत्व से अवगत कराने हेतु निम्नवत् कार्यक्रम विश्वविद्यालय/कॉलेज में कराने का कष्ट करें:-

(1) प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालय/कॉलेजों में स्वामी विवेकानन्द जी के विचारों एवं आदर्शों से युवाओं को प्रेरित करने हेतु व्याख्यान माला का आयोजन कराया जाए।

(2) उत्तर प्रदेश स्टार्टअप निति के अन्तर्गत स्टार्टअप/ इन्क्यूबेटर्स को प्रोत्साहन राशि का वितरण कराया जाए।

253/2024

(3) स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत स्मार्टफोन/टैबलेट के वितरण का कार्यक्रम आयोजित कराया जाए।

(4) राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के युवाओं को सशक्त बनाये जाने हेतु जो भी कार्यक्रम चलाये जा रहें है, उन कार्यक्रमों से युवाओं को अवगत कराया जाए।

(5) मेरा युवा भारत (MY BHARAT) पहल के तहत स्वयं सेवक गतिविधियों का संचालन कराया जाए ।

3- मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 12 जनवरी को **"राष्ट्रीय युवा दिवस"** के अवसर पर डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0 लखनऊ में युवाओं को पूर्वान्ह 11:00 बजे सम्बोधित किया जाएगा । अतः उक्त कार्यक्रम को प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालय/ कॉलेजों में सजीव प्रसारण कराये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए उपरोक्त समस्त कार्यक्रमों के आयोजन तथा प्रचार-प्रसार हेतु निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए तदनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

Digitally Signed by आलोक कुमार
Date: 11-01-2024 14:50:41
Reason: Approved

(आलोक कुमार)
प्रमुख सचिव

संख्या एवं दिनांक तदैव।

**प्रतिलिपि**, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

(1) निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन
(2) निजी सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन,
(3) प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तर प्रदेश शासन,
(4) महानिदेशक, युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग, उ0प्र0 लखनऊ,
(5) निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश,
(6) समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश,
(7) समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश,
(8) रजिस्ट्रार, डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0 लखनऊ
(9) गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(आलोक कुमार)
प्रमुख सचिव